एक्वा लाइन मेट्रो के 5 स्टेशनों को मिले नए नाम

प्रस, नोएडाः एक्वा लाइन मेट्रो के 5 स्टेशनों के नामों में बदलाव किया गया है। अगले 10 साल तक ये स्टेशन अब नए नामों से ही पुकारे जाएंगे। इस दौरान वहां की मेंटिनेंस भी अधिकार खरीदने वाली कंपनियों के ही जिम्मे होगी। एक्वा लाइन मेट्रो में कुल 21 स्टेशन हैं। एनएमआरसी ने करीब 3 महीने पहले इनमें से 5 स्टेशनों के नाम अधिकार बेचने के लिए निविदा निकाली थी। अधिकतम बोली भरने पर सेक्टर 142 मेट्रो स्टेशन का नेमिंग राइट एडवांट आईटी पार्क ग्रुप ने खरीदा है। जिसके बाद इस स्टेशन को एडवांट सेक्टर 142 स्टेशन के नाम से पुकारा जाएगा।

नॉलेज पार्क-2 मेट्रो स्टेशन का नाम अधिकार फ्रैंक एडवरटाइजर ग्रुप ने खरीदा है। उसने इस अधिकार को आगे शारदा यूनिवर्सिटी को बेच दिया है। जिसके चलते अब इस स्टेशन का नाम शारदा यूनिवर्सिटी नॉलेज पार्क-2 स्टेशन कहलाएगा। परी चौक स्टेशन का नाम अधिकार जयप्रकाश असोसिएट ग्रुप ने खरीदा है। उसने इस स्टेशन को जेपी ग्रीन परी चौक स्टेशन नाम दिया है। अल्फा-1 मेट्रो स्टेशन का नेमिंग राइट टॉरस फाइनेंशल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को बेचा गया है। उसने यह अधिकार आगे बीमा कंपनी एलआईसी को दे दिया है। जिसके चलते अब इस स्टेशन का नाम एलआईसी अल्फा- 1 मेट्रो स्टेशन पुकारा जाएगा।